मूल्य 1 रु.
वर्षः 11 - अंक : 208, मुंबई, बुधवार, 6 अक्टूबर, 2021 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




## DRUGS PARTY

# बड़े ऑपरेशन की तैयारी में एनसीबी




### दिल्ली, गुजरात और मध्य प्रदेश के अधिकारी मुंबई पहुंचे

**संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई के समुंदर में क्रूज पर ड्रग्स पार्टी का भंडाफोड़ होने के बाद नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो एनसीबी ने बड़े ऑपरेशन की तैयारी की है। इसके लिए दिल्ली, मध्य प्रदेश और गुजरात से ब्यूरो के अधिकारी बुलाए गए हैं। ताजा जानकारी के अनुसार क्रूज पर छापेमारी कर अभिनेता शाहरूख खान के बेटे आर्यन खान सहित 16 लोगों को गिरफ्तार करने के बाद एनसीबी ने बड़ी तैयारी की है, लेकिन इसे गुप्त रखा गया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

### एनसीबी को मिला नया एंगल, क्रिप्टो करेंसी से हुई थी ड्रग्स की खरीद

ड्रग्स केस में हर दिन नये नये खुलासे हो रहे फिलहाल यह पता चला है कि क्रूज पर जो ड्रग्स आया था, वह क्रिप्टो करेंसी के जरिए से खरीदा गया था और आर्यन खान समेत सभी लोगों से एनसीबी इस एंगल पर भी पूछताछ करेगी।

### गैरकानूनी ढंग से भारतीय समुद्री सीमा में ऑपरेट हो रहा था कॉर्डेलिया, क्रूज पर पार्टी की भी परमिशन नहीं थी

## संजय राउत ने राहुल गांधी से की मुलाकात

### बोले- विपक्ष को एकजुट होकर कदम उठाने की जरूरत



**संवाददाता**

**मुंबई।** शिवसेना के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने मंगलवार को कहा कि लखीमपुर खीरी की घटना के बाद विपक्षी दलों को एकजुट होकर कदम उठाने की जरूरत है। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। उन्होंने ट्वीट किया, लखीमपुर खीरी की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। प्रियंका गांधी को यूपी सरकार ने गिरफ्तार किया है। विपक्षी नेताओं को किसानों से मिलने से रोका जा रहा है। उत्तर प्रदेश में सरकार के दमन के खिलाफ विपक्ष को एकजुट होकर कदम उठाने की जरूरत है। जय हिंद।

**लखीमपुर खीरी हिंसा मामला**

# सिद्धू ने दी चेतावनी

### मंत्री के बेटे को गिरफ्तार करो, प्रियंका गांधी को रिहा



**संवाददाता**

**नई दिल्ली।** यूपी के लखीमपुर खीरी में किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान भड़की हिंसा को लेकर अब पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू का बयान सामने आया है। नवजोत सिंह सिद्धू ने मंगलवार को कहा कि अगर कल तक किसानों की नृशंस हत्या के पीछे केंद्रीय मंत्री के बेटे को गिरफ्तार नहीं किया जाता है और हमारी नेता प्रियंका गांधी वाड्रा को रिहा नहीं किया गया तो पंजाब कांग्रेस लखीमपुर खीरी की ओर मार्च करेगी। (शेष पृष्ठ 3 पर)

### जुगार संचालक बाबु नाडार और मसीहा पूरी रात धड़ल्ले से काटी-तीन पत्ती, दाना और अनेक तरह के चला रहा है

# जुगार



**युवा पीढ़ी, महिलाओं व सीनियर सिटीजन की जिंदगी जुगार की लत लगाकर खराब कर रहा है जुगार संचालक बाबु नाडार और मसीहा**

**बिलास बिल्डिंग के बेसमेंट दत्ता मंदिर नारायण नाइक गार्डन के पास सेक्टर नंबर-12 कोपरखैरने में जुगार संचालक बाबु नाडार और मसीहा द्वारा चलाए जा रहे जुगार के अवैध धंधे में क्या पुलिस की है हिस्सेदारी?**

**मुंबई हलचल /संवाददाता**

**मुंबई।** बिलास बिल्डिंग के बेसमेंट दत्ता मंदिर नारायण नाइक गार्डन के पास सेक्टर नंबर-12 कोपरखैरने में चल रहा है अवैध रूप से जुगार का धंधा। (शेष पृष्ठ 3 पर)

**जुगार संचालक बाबु नाडार और मसीहा का मोबाईल नंबर व पूरी डिटेल कल के अंक में पढ़ें**

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

# फिर दुखद हिंसा

रविवार को लखीमपुर खीरी में हुई हिंसा जितनी दुखद है, उतनी ही शर्मनाक भी। पहली दृष्टि में यह समाज में लोगों के कम होते धीरज का ताजा प्रमाण है, जिसकी वजह से हमारी संस्कृति पर कई प्रश्न खड़े होने लगे हैं। प्रदर्शन के लिए जुटे या जुट रहे किसानों पर तेज रफ्तार से गाड़ी चढ़ा देना और उसके बाद गुस्साए किसानों का जवाबी हमला, दोनों में से कोई कड़ी आलोचना से परे नहीं है। पृष्ठभूमि देखने से पता चलता है कि वहां पिछले कुछ दिनों से आक्रोश सुलग रहा था और रविवार को एक लापरवाही या बदमाशी की चिनगारी लगते ही आग भड़क उठी। इसमें कोई शक नहीं कि स्थानीय प्रशासन अगर सचेत रहता, तो आक्रोश का यह परिणाम नहीं होता। खैर राज्य प्रशासन ने समय रहते तत्काल हस्तक्षेप करके किसानों के तात्कालिक गुस्से को शांत किया, यह सबसे जरूरी थी। भारतीय किसान संघ के नेता राकेश टिकैत के नेतृत्व में विरोध कर रहे किसानों और प्रशासन के बीच वार्ता सोमवार को एक सकारात्मक समझौते पर समाप्त हुई। जाहिर है, सरकार का रुख उदारवादी रहा, क्योंकि आक्रोश को शांत करने के लिए किसानों की तात्कालिक मांगों को पूरा करना जरूरी था। जैसे बाकी दलों के नेताओं को आक्रोश के क्षेत्र में आने से रोका गया, ठीक वैसा ही किसानों के नेता राकेश टिकैत के साथ नहीं किया गया। उनके नेतृत्व में किसानों की बात सुनी गई, जिसकी वजह से हुए समझौते के मुताबिक, सरकार चार मृतक किसानों के परिवारों को 45 लाख रुपये और एक नौकरी देगी, जबकि घायलों को 10-10 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। जान की कीमत कोई राशि नहीं हो सकती, लेकिन तब भी पीड़ित किसानों को शांत करने के लिए सरकार का यह कदम परंपरा के अनुरूप है। पंजाब, हरियाणा के किसानों ने भी लखीमपुरी खीरी के किसानों के पक्ष में बंद या प्रदर्शन का आयोजन किया, लेकिन इस घटना को पूरे किसान आंदोलन से जोड़कर नहीं देखना चाहिए। यह शुद्ध रूप से एक निर्मम आपराधिक घटना है, इसमें किसी भी दोषी को छोड़ना नहीं चाहिए। कानून हाथ में लेने वालों पर शिकंजा कसना चाहिए। हमला करके चार निहत्थे लोगों को जान से मारने का हक किसी ने किसी को नहीं दिया है। जो पीड़ित हैं, उनके साथ न्याय हो, लेकिन जिन लोगों ने कानून का मजाक बनाया है, उन्हें खुला छोड़ना समाज केलिए ठीक नहीं। बहरहाल, अच्छी बात है कि किसानों की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग को पहले ही पूरा किया जा चुका है। साथ ही, उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश हिंसा की जांच करेंगे। राज्य सरकार को आगे भी बिल्कुल ध्यान रखना चाहिए कि इस हिंसा का यहीं पटाक्षेप हो जाए, इसका आगे कोई राजनीतिक, धार्मिक या सांप्रदायिक स्वरूप न बने। आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश में चुनावी सरगर्मी बढ़ती जाएगी, अतः यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि वह पक्ष या विपक्ष में किसी को भी अप्रिय स्थिति पैदा करने का मौका न दे। साथ ही, विपक्षी नेताओं के प्रति तार्किक उदारता का व्यवहार भी जरूरी है, ताकि उत्तर प्रदेश में कोई गलत परंपरा न बन जाए। तमाम नेताओं को समग्रता में संयम दिखाना होगा। आज के समय में राजनीति करना या आग लगाना बहुत आसान हो गया है। अतः यह समय देश के हर व्यक्ति से शालीनता या समझदारी की मांग कर रहा है।

# दुनिया में बढ़ता ऊर्जा संकट

**कोरोना** महामारी के चलते पिछले दो वर्षों से दुनिया में आर्थिक संकट तो पैदा हुआ ही लेकिन अब दुनिया में गंभीर ऊर्जा संकट भी पैदा हुआ। अब दुनिया में गंभीर ऊर्जा संकट चिन्ता का विषय बना हुआ है। चीन इस समय भारी बिजली कटौती से जूझ रहा है और वहां लाखों घर और फैक्ट्रियां मुसीबत का सामना कर रहे हैं। चीन के पूर्वोत्तर हिस्से के औद्योगिक हब में यह समस्या और भी गंभीर हो रही है क्योंकि अब सर्दियां आ रही हैं। चीन के बिजली संकट का दुनिया पर प्रभाव पड़ सकता है। जीवाश्म आधारित ईंधनों की खपत के मामले में शीर्षस्थ देशों में शामिल चीन में कुछ माह पहले ही बिजली खपत कम करने की कवायद शुरू हुई। कोरोना महामारी के बाद जैसे-जैसे पूरी दुनिया एक बार फिर खुलने लगी तो चीन के उत्पादों की मांग फिर बढ़ने लगी और इसके लिए फैक्ट्रियों को अधिक बिजली की जरूरत पड़ी। 2060 तक देश को कार्बन मुक्त बनाने के लिए चीन ने जो नियम बनाये हैं उसकी वजह से कोयले का उत्पादन पहले से धीमा किया गया। इसके बावजूद अपनी आधे से अधिक ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए चीन आज भी कोयले पर निर्भर है। बिजली की मांग बढ़ी तो कोयला भी महंगा हो रहा है। चीन की सरकार बिजली की दरों को नियंत्रित करती है। पावर प्लांट घाटे में काम करने को तैयार नहीं। उन्होंने उत्पादन में कटौत कर



दी। बिजली सप्लाई कम होने से चीन के कई प्रांत पावर कट से जूझ रहे हैं। इससे एल्यूमनियम, सीमेंट और उर्वरक से जुड़े उद्योगों पर सबसे ज्यादा असर पड़ा जहां बिजली की काफी जरूरत है। बिजली आपूर्ति को लेकर जताई जा रही चिन्ताओं के बाद अंतर्राष्ट्रीय निवेश बैंकों ने अपने अनुमानों से चीन के आर्थिक विकास की दर को घटा दिया है। गोल्डमेन सेक्स के मुताबिक चीन की विकास दर 7.8 प्रतिशत रहेगी जबकि उसने पहले इसके 8.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। इस वर्ष के अंत में होने वाली खरीदारी के मौसम में चीनी सामानों की सप्लाई प्रभावित हो सकती है। उधर यूरोप के ऊर्जा बाजार में इन दिनों प्राकृतिक गैस से लेकर विभिन्न पैट्रोलियम पदार्थों की कीमतें इतिहास में सबसे अधिक हैं। ब्रिटेन की राजधानी लंदन में कई गैस स्टेशन बंद हैं। नार्वे के ग्रिड से अनेक यूरोपी शहरों और उद्योगों को बिजली सप्लाई होती है लेकिन वहां भी पानी की कमी से उत्पादन प्रभावित हुआ है। यूरोप में पिछली सर्दियों में बिजली की खपत बढ़ गई थी जिससे भंडारों में रखे ईंधन के भंडार में कमी आई। यूरोप में भारी मात्रा में गैस आपूर्ति करने वाले रूस जैसे देश अपने भंडारण का इस्तेमाल कर रहे हैं। पैट्रोलियम पदार्थों की बढ़ती कीमतों के कारण कोयले का इस्तेमाल बढ़ने से जलवायु परिवर्तन को रोकने की सारी कोशिशें बेकार हो जाएंगी। पैट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ौतरी भारत समेत कई देशों के लिए परेशानी का सबब है। पैट्रोल-डीजल, सीएनजी, पीएनजी की बढ़ी कीमतों से आम आदमी की जेब खाली हो रही है। जो देश ईंधन का आयात करते हैं, वे भी इसे जमा करने की होड़ में हैं। कच्चे तेल की कीमत इस समय 80 डालर प्रति बैरल से भी ऊपर है और कोयले की कीमतें 13 वर्षों में सबसे ज्यादा हैं।

भारत तो पैट्रोलियम उत्पादों का बड़ा आयातक है। इससे सरकार का खर्च काफी बढ़ रहा है। क्या चीन में बिजली कटौती, ब्रिटेन के पैट्रोल पम्पों पर लम्बी कतारों और थोक बाजार में तेल-गैस और कोयले की बढ़ती कीमतों का आपस में कोई संबंध हैं। यह संबंध स्पष्ट नहीं है क्योंकि दुनिया में अजीबोगरीब चीजें हो रही हैं। ब्रिटेन के लोग यह सोचकर गाड़ियों में पैट्रोल भरवाने लगे कि टैंकर ड्राइवरों की कमी से तेल की सप्लाई कम हो जाएगी। यूरोप में ऊर्जा संकट के कई स्थानीय कारण मौजूद हैं। वहां पवन चक्कियों और सौर ऊर्जा का उत्पादन कम हुआ है। तेल कंपनियां कह रही हैं कि ब्रिटेन में पैट्रोल की कोई कमी नहीं लेकिन लोगों ने अंधाधुंध पैट्रोल खरीद लिया। ब्रिटेन में टैंकर ड्राइवरों की कमी इस लिए भी हो गई क्योंकि कोरोना महामारी के चलते कई ड्राइवर अपने घरों को लौटे उनमें से कुछ ही वापस आ पाये हैं। बुजुर्ग ड्राइवर रिटायर हो गए और उनकी जगह नए नहीं आये हैं और महामारी के चलते भारी संख्या में हैवी गुड्स व्हीकल ड्राइवर टेस्ट नहीं हुए हैं। यूरोप और चीन की तरह ऊर्जा का संकट हमारे यहां भी आ सकता है। कोरोन महामारी के बाद औद्योगिक गतिविधियां भी बढ़ रही हैं। हमें ऊर्जा का इस्तेमाल बहुत सोच-समझ कर करना होगा। ऊर्जा के वैकल्पिक तरीके ढूंढने होंगे। हमें ग्रीन बिजली की तरफ बढ़ना होगा। सौर ऊर्जा के इस्तेमाल की तरफ बढ़ना होगा। लोगों को भी चाहिए कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को किफायत से इस्तेमाल करें।

# लगातार बढ़ रहीं संसद सहित विधानसभाओं में मारपीट की घटनाएं

**राज्यसभा** के सभापति और देश के उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने मतदाताओं से अपील की है कि ह्यआप हंगामा करने वाले जनप्रतिनिधियों की पहचान कर उन्हें सार्वजनिक रूप से शर्मिंदा करें। सदन को बाधित करने का अर्थ है देश के सपने और लोगों के जीवन को बाधित करना। हाल में लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने भी एक अन्य अवसर पर कहा कि ह्यसदन हंगामा और अड़ंगा लगाने के लिए नहीं है, बल्कि चर्चा के लिए है। देश के इन शीर्ष पीठासीन पदाधिकारियों ने संसद से बाहर के अलग-अलग समारोहों में ऐसी बातें बड़ी पीड़ा के साथ देश के सामने रखी हैं। वे यह अनुमान लगा रहे हैं कि संसद सहित विधानसभाओं में यदि ऐसे ही सब कुछ चलता रहा तो नई पीढ़ी संसदीय व्यवस्था पर अपना विश्वास खोने लगेगी। वेंकैया नायडू और ओम बिरला की बातों पर हर लोकतंत्र प्रेमी को गंभीरतापूर्वक विचार करना ही होगा। अन्यथा एक दिन पछताने के लिए भी लोकतंत्र के नाम पर संभवतः कुछ नहीं बचे। वर्ष 2001 में नई दिल्ली में देशभर के तत्कालीन पीठासीन पदाधिकारियों का एक सम्मेलन हुआ था। उसमें कई मुख्यमंत्री और दलीय नेतागण भी शामिल हुए थे। सम्मेलन में पारितकुछ संकल्प इस समस्या से निपटने की राह दिखाते हैं। भय बिनु होइ न प्रीति का फार्मूला अपनाते हुए वेंकैया नायडू और ओम बिरला



को उन संकल्पों के तहत मिले अधिकारों का इस्तेमाल करना चाहिए। अन्यथा देर-सवेर यह माना जा सकता है कि पीठासीन पदाधिकारी गण उन जिम्मेदारियों को नहीं निभा पाए, जो उनको बीस साल पहले ही सौंप दी गई थीं। संबंधित सरकारों को भी इस काम में पीठासीन पदाधिकारियों का सहयोग करना चाहिए। संदन में हंगामा, कामकाज में अड़ंगा और दूसरी तरह के अशिष्ट एवं हिंसक व्यवहार करने वाले सदस्यों के खिलाफ विभिन्न तरह की सजाओं का प्रविधान किया गया है। ये हैं-भर्त्सना, फटकार, निंदा, सभा से निकालना, खास अवधि के लिए सभा की सेवा से निलंबन और कोई अन्य दंड, जो सभा द्वारा उचित समझा जाए। किसी अन्य दंड में सदन की शेष अवधि के लिए सदस्यता खत्म कर देना भी शामिल है। ये दंड वैसे हैं, जो विधायिका की आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में सदस्यों के लिए निर्धारित हैं। इस देश में इनका इस्तेमाल बहुत ही कम होने के कारण भी सदनों में हंगामा बढ़ता जा रहा है। साथ ही हिंसक व्यवहार भी। पता नहीं कल हिंसक व्यवहार कौन-सा रूप ले ले! बदलती राजनीति और राजनीति में बढ़ते आपसी द्वेष को देखते हुए कहा जा सकता है कि फिलहाल अनेक सदस्यों का विवेक कभी जगनेवाला नहीं है। गत वर्ष राज्यसभा में उपसभापति के साथ कुछ सदस्यों द्वारा किए गए अभूतपूर्व र्दुव्यवहार से न सिर्फ सदन, बल्कि पूरे देश के विवेकशील लोगों को पीड़ा हुई। तब कुछ उद्दंड सदस्यों ने अत्यंत शर्मनाक दृश्य पैदा किए थे। ऐसी घटनाएं देश के विभिन्न सदनों में आए दिन होती रहती हैं। गत साल कर्नाटक विधानपरिषद के उपसभापति को कुछ सदस्यों ने मिलकर उनके आसन से जबरन उठाया और दूर कर दिया। बाद में उनका शव रेलवे लाइन पर पाया गया। केरल विधानसभा में 2015 में हुई हिंसक घटना को लेकर आपराधिक मुकदमा दर्ज किया गया है। उस मुकदमे की समाप्ति के लिए आरोपी पक्ष सुप्रीम कोर्ट तक गया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बर्बरता और तोड़फोड़ किसी के संसदीय विशेषाधिकार में शामिल नहीं हैं। संसदीय विशेषाधिकार आपको सदन के सदस्य के रूप में अपनी भूमिका निभाने के लिए हैं। किसी सामान्य कानून से आप ऊपर नहीं हैं।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# सीएनजी के बढ़ेंगे दाम, ऑटो-टैक्सी पर पड़ेगा असर, प्राकृतिक गैस के दामों में करीब 62% इजाफा

**संवाददाता**

**मुंबई।** सरकार द्वारा प्राकृतिक गैस के दाम बढ़ाए जाने के बाद अब सीधा असर सीएनजी और पीएनजी जैसे उत्पाद पर पड़ने वाला है। मुंबई में जल्द ही इसका प्रभाव दिखाई देगा। महानगर गैस लिमिटेड द्वारा इस संबंध में बयान जारी कर दामों के विषय में सूचित किया जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा प्राकृतिक गैस के दामों में करीब 62% इजाफा किया गया है। हाल ही में टैक्सी और ऑटो के किराए में वृद्धि की गई थी। अब महानगर गैस लिमिटेड ने सीएनजी के दामों में बढ़ोतरी के संकेत दिए हैं। फिलहाल मुंबई में एक किलो सीएनजी के लिए 51.98 रुपये खर्च करने पड़ते हैं।



**अब कितना खर्च करना होगा**

आधिकारिक तौर पर अभी सीएनजी या पीएनजी की नई दरों की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन यूनियन की मानें, तो सीएनजी के दामों में 1 से 3 रुपये प्रति किलो के हिसाब से वृद्धि हो सकती है। टैक्सीमेंस के वरिष्ठ यूनियन लीडर ए.एल. क्वाडरोस का कहना कि यदि कीमतों में और वृद्धि हुई, तो टैक्सी चालकों के लिए काफी मुश्किल हो जाएगा। ऐसी स्थिति में हमलोग और किराया वृद्धि की मांग करेंगे। मुंबई में करीब 20 हजार काली-पीली टैक्सियां और करीब 2.60 लाख ऑटोरिक्शा चलते हैं।

**कीमत बढ़ने की वजह**

पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार प्राकृतिक गैस की कीमत 1 अक्टूबर से अगले छह महीने के लिए 2.90 डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट होगी। वहीं, गहरे समंदर जैसे कठिन क्षेत्रों से उत्पादित गैस की कीमत 6.13 डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट होगी। फिलहाल, यह दर 3.62 डालर प्रति यूनिट है।

**घरेलू पाइप गैस पर भी असर**

सूत्रों के अनुसार गैस के दाम बढ़ने से सीएनजी के अलावा पाइप के जरिए घरों में आपूर्ति होने वाली रसोई गैस की कीमत में 10-11 प्रतिशत की वृद्धि होगी। इससे पहले, अप्रैल 2019 में गैस के दाम बढ़ाए गए थे। उसके बाद वैश्विक मानक दरों में कमी से इसमें गिरावट ही आती रही। वैसे, प्राकृतिक गैस की कीमत हर छह महीने पर 1 अप्रैल और 1 अक्टूबर को तय की जाती है। यह दर अमेरिका, कनाडा और रूस जैसे गैस संसाधन वाले देशों में एक तिमाही के अंतर के साथ एक साल की कीमत के आधार पर तय की जाती है।

# अब तेंदुओं की गतिविधियों पर रखी जा सकेगी नजर



**मुंबई।** तेंदुए के हमले के डर से आरे कॉलोनी में अब भी शाम ढलते ही सन्नाटा पसर जाता है। बस्ती वाले शाम ढलते ही घरों में दुबकने को मजबूर हो जाते हैं। लोगों को यकीन ही नहीं हो रहा है कि तेंदुआ पकड़ा गया है। पिछले हफ्ते ही आरे मिल्क कॉलोनी के अंदर एक पिंजरे में एक युवा तेंदुआ को कैद कर लिया गया था। अधिकारियों ने कहा कि पकड़े गए जानवर में एक चिप लगाकर उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक सुनील लिमये के मुताबिक, आरे मिल्क कॉलोनी के सभी तेंदुओं को रेडियो कॉलर उपकरणों से लैस करने की योजना है। वन विभाग सूत्रों के अनुसार, पिछले दिनों पकड़े गए तेंदुए को संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के भीतर एक पिंजरे में रखा गया है। उसकी गतिविधियों को मॉनिटर किया जा रहा है, लेकिन दावे के साथ नहीं कहा जा सकता है कि यह वही तेंदुआ है, जिसने 15 दिनों में 7 से अधिक लोगों पर जानलेवा हमला किया था। तेंदुए के हमले को रोकने और लोगों पर जानलेवा हमला करने वाले असली तेंदुए की तलाश में अब भी एसजीएनपी की टीमें रात में इंसानी बस्तियों में गश्त करती हैं। गौरतलब है कि आरे पुलिस के तहत पिछले हफ्ते निर्मला सिंह (55) और आयुष यादव (4) समेत कुल 7 लोगों पर किसी तेंदुए ने जानलेवा हमला कर दिया था, जिसके बाद आरे प्रशासन, वन विभाग और जोन 12 पुलिस तेंदुए को पकड़ने के लिए खास रणनीति बनाकर काम कर रही है। अभी तक इलाके में जगह-जगह करीब एक दर्जन पिंजरे लगाए गए हैं, जिनमें एक करीब 2 साल का तेंदुआ पकड़ा भी गया था।

# सुकून सामाजिक संस्था द्वारा किये गये धरना प्रदर्शन को लेकर विरोधी पक्ष नेता शानू पठान का जवाब

**संवाददाता/समद खान**

**मुंब्रा।** गत 4 अक्टूबर सोमवार सुकून सामाजिक संस्था द्वारा किया गया धरना प्रदर्शन यह प्रदर्शन एनसीपी के नगरसेवक वह विरोधी पक्ष नेता अशरफ शानू पठान के विरोध में किया गया इस संस्था के पदाधिकारी अहमद नेता द्वारा आरोपों की बौछार कर दी गई इनका कहना है विरोधी पक्ष नेता द्वारा किसी तरह का मुंब्रा शहर में विकास नहीं किया गया विकास के नाम पर सिर्फ भ्रष्टाचार हुआ है और उनकी संपत्ति को लेकर आयकर विभाग और ईडी विभाग द्वारा जांच की मांग की गई और उनके बनाए गए डायमंड हॉल जो कि अवैध माना जा रहा है उस पर तत्काल मानपा द्वारा कार्यवाही करने की बात कही गई और दारुल फलाह गार्डन की जगह पर अवैध तरीके से दुकाने नहीं बनाई जाए ऐसे कई एक आरोपों को लेकर यह धारणा प्रदर्शन किया गया इसके जवाब में विरोधी पक्ष नेता अशरफ पठान ने पत्रकारों को बताया कि जो यह आरोप लगा



रहे हैं मुझ पर यह मेरे करीबी है आज नाराज हैं कल फिर मिल जाएंगे और मैं खुश हूं कि यह लोकतंत्र है और लोकतंत्र में आवाज उठनी चाहिए और मैं इस धरना प्रदर्शन का समर्थन करता हूं ऐसा विरोध होना चाहिए लेकिन शांति पूर्वक होना चाहिए जिसमें शासन और प्रशासन के साथ बदतमीजी नहीं होना चाहिए और उन्होंने अपनी मिसाल देते हुए कहा मैं भी विरोध करता हूं यह बात सही नहीं है यह लोकतंत्र है इसमें सबको अधिकार है अपनी आवाज उठाने का रही बात मेरी संपत्ति की अगर मैं गलत हूं तो उस पर जांच होनी चाहिए उन्होंने कहा यह मेरे मां-बाप की दुआएं हैं जो आज मैं रोडपति से करोड़पति बन गया मैंने मेहनत करी है उन्होंने अंबानी की मिसाल दी मैं सबके लिए दुआ करता हूं कि वह भी कामयाब बने और विकास की बात का जहां तक सवाल है मुंब्रा शहर की जनता जानती है हमने बेरोजगारी के लिए कैंप लगाएं जगह जगह पर मैं और शमीम खान ने वैक्सीनेशन कैंप मुफ्त में राशन कार्ड के कैंप जनता के लिए जगह जगह पर आयोजित किए जनता जानती है कि विकास हुआ है या नहीं हुआ है और अभी चुनाव करीब है विरोध तो होता ही रहेगा क्योंकि मुझ पर जिम्मेदारी इतनी बड़ी है तो जाहिर सी बात है विरोध तो होते ही रहेंगे गौरतलब बात यह है उनसे बात करके यह कयास लगाया जा रहा है कि जो धरना प्रदर्शन सुकून संस्था द्वारा किया गया है उनका इस पर कोई असर होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है क्योंकि विरोधी पक्ष नेता शानू पठान ने बड़ी सरलता से पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए अब देखना यह है यह सुकून संस्था अपनी मांगों को लेकर अडी रहती है यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

# दो लोगों की डूबने से मौत

**संवाददाता**

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई में अरब सागर में तैरने गए दो लोगों की डूबने से मौत हो गई। नगर निकाय के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि घटना सोमवार शाम प्रियदर्शिनी पार्क के पास हुई, जब आठ लोग यहां आग्रीपाड़ा इलाके से समुद्र के पानी में उतर गए थे। आठ में से छह सुरक्षित लौट आए, जबकि दो अन्य लापता हो गए। उन्होंने बताया कि दमकल विभाग और अन्य एजेंसियों ने घटना की जानकारी मिलने पर तलाश एवं बचाव अभियान शुरू किया। अधिकारी ने बताया कि मंगलवार सुबह साढ़े छह बजे दोनों के शव पार्क के पास बरामद हुए। मालाबार हिल थाने के वरिष्ठ निरीक्षक सूर्यकांत बांगड़ ने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी जेजे अस्पताल भेजा गया है।

(पृष्ठ 1 का शेष)

## जुगार संचालक बाबु नाडार और मसीहा पूरी रात धड़ल्ले से काटी-तीन पत्ती, दाना और अनेक तरह के चला रहा है जुगार

वैसे देखा जाये तो महाराष्ट्र में जुगार के अड्डों की भरमार है। अखबारों में बार बार खबरें प्रकाशित होने के बाद भी पुलिस प्रशासन कर्तव्यविमूढ़ है। अब तो पुलिस प्रशासन भी भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबा हुआ है। मटके और जुगार के धंधों में पुलिस प्रशासन की हिस्सेदारी ये दर्शाता है कि कानून व्यवस्था का कितना मजाक उड़ाया जा रहा है। यही कारण है कि जुगार जैसे अवैध धंधा करने वालों पर कोई भी कार्रवाही नहीं हो रही है। कार्यवाही वहीं होती है जहां जहां से माल नहीं मिलता है। इस अवैध धंधों के कारण कितने परिवार बर्बाद हो रहे हैं परंतु न ही सरकार को इसकी चिंता है और न ही पुलिस प्रशासन को। सामाजिक संगठनों व जागरूक नागरिकों का कहना है कि शिकायत के बावजूद पुलिस के आला अधिकारी और सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। सरकार द्वारा जुगार क्लब एवं झट-पट लाटरी पर प्रतिबन्ध लगाने के बावजूद बिलास बिल्डिंग के बेसमेंट दत्ता मंदिर नारायण नाइक गार्डन के पास सेक्टर नंबर-12 कोपरखैरने में संचालक बाबु नाडार और मसीहा नामक व्यक्ति धड़ल्ले से जुगार चला रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जुगार संचालक बाबु नाडार और मसीहा अब जगह बदल बदलकर कोपरखैरने के पास जुगार का अड्डा चला रहा है। **महाराष्ट्र सरकार और स्थानीय पुलिस से अपील है कि पूरी रात धड़ल्ले से जुगार चलाकर युवा पीढ़ी, महिलाओं व सीनियर सिटीजन को बर्बाद करने वाले संचालक बाबु नाडार और मसीहा पर जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई की जाये, ताकी हजारों युवा पीढ़ी, महिलाओं व सीनियर सिटीजन के जुगार की लत से बर्बाद हो रही जिंदगी बच सके।**

## बड़े ऑपरेशन की तैयारी में एनसीबी

दूसरी ओर यह भी कहा जा रहा है कि मुंबई में एनसीबी के अधिकारियों की संख्या कम होने के कारण दूसरे राज्यों से तेज तर्रार अधिकारी बुलाए गए हैं, ताकि मामले की पूरी तहकाकीत हो सके।सूत्रों का यह भी कहना है कि एनसीबी की टीम आर्यन खान को कई स्थानों पर स्पॉट वेरिफिकेशन के लिए भी लेकर जा सकती है। चर्चा तो यह भी है कि एनसीबी की टीम शाहरुख खान के बंगले 'मन्नत' पर भी पहुंच सकती है। गौरतलब है कि एनसीबी ने आर्यन खान के अलावा उसके करीबी मित्र अरबाज सेठ मर्चेंट, मुनमुन धामेचा, नूपुर सतीजा, इश्मीत सिंह, मोहक जायसवाल, विक्रांत छोकर और गोमित चोपड़ा को गिरफ्तार किया है जो सात अक्तूबर तक एनसीबी की हिरासत में हैं। एनसीबी ने क्रूज पर रेव पार्टी के मामले में अब तक 16 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को चार और आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने इन्हें 11 अक्तूबर तक एनसीबी की रिमांड पर सौंपा है। इनकी रिमांड को लेकर सुनवाई के दौरान एनसीबी के वकील विशेष लोक अभियोजक अद्वैत सेठना ने कहा कि यह मामला शरलॉक होम्स व अगाथा क्रिस्टी के उपन्यास की तरह हो गया है। जांच में हर पल नया मोड़ आ रहा है। सुनवाई के बाद अतिरिक्त मुख्य महानगरीय दंडाधिकारी आरएम नालींकर ने अब्दुल कादिर शेख (30), श्रेयस नैयर (23), मनीष राजगढ़िया (26) और अविन साहू (30) को 11 अक्तूबर तक एनसीबी की हिरासत में सौंप दिया। इससे पूर्व सोमवार को अदालत ने शाहरुख खान व सात अन्य को गुरुवार तक एनसीबी की रिमांड पर सौंपा है।

## सिद्धू ने दी चेतावनी

आपको बता दें बीते दिन लखीमपुर खीरी की घटना के विरोध में पंजाब कांग्रेस के प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू और पंजाब यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष वीरेंद्र ढिल्लों समेत कई कांग्रेसी विधायकों ने सोमवार सुबह पंजाब राजभवन के बाहर धरना दिया था। करीब एक घंटा चले इस धरने के बाद चंडीगढ़ पुलिस ने सिद्धू और उनके साथ धरना दे रहे अन्य नेताओं को हिरासत में ले लिया था। सोमवार सुबह सिद्धू, ढिल्लों और अन्य विधायक राजभवन के बाहर पहुंचे और उन्होंने लखीमपुर में किसानों की हत्याओं के विरोध में योगी सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी।









# पवई में कराटे प्रशिक्षण वर्ग शुरु



**मुंबई।** कराटे का व्यापक उपयोग समाज में हो इस उद्देश्य से एशियन शितो- रियु कराटे-असोसिएशन के माध्यम से राजधानी मुंबई में मुक्तेश्वर आश्रम आई आई टी पवई में कराटे प्रशिक्षण वर्ग की सुरवात की गई है श्री फल चढ़ाकर शिवसेना शाखा प्रमुख सचिन मदने ने कार्यक्रम की शुरुआत की सोशल वर्कर कलविंदर लिपचा व मिसेस भौमिक ने हारमाला अर्पण किया दीप प्रज्वलित सेन्सई विक्रम घोरपड़े (ब्लैक बेल्ट 3 डेन) ने किया कराटे प्रशिक्षण सेन्सई अमृत जबाडे (ब्लैक बेल्ट 3 डेन) के मार्गदर्शन में दिया जाएगा जबाड़े सर पिछले 15 साल से इस तरह के कराटे क्लास चला रहे हैं व इनके विद्यार्थियों ने राज्यस्तरीय राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में कई मेडल्स जीते हैं सभी कराटे स्टूडेंट्स ने अपनी कला काता कुमिते व कराटे टेक्निक का बेहतरीन प्रदर्शन किया सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया संस्था के ग्रैंड मास्टर शिहान संजय गवाले सर ने सभी को आगे सफर को आशीर्वाद दिया।

# 10 दिन के लिए क्वारंटीन में भेजे गए 700 यात्री

संवाददाता / नई दिल्ली

भारत मे कोरोना संक्रमण के संभावित खतरे और ब्रिटेन में मिले कोविड के नए वैरिएंट 'डेल्टा' को देखते हुए ब्रिटेन से आने वाले यात्रियों के लिए नई गाइड लाइन जारी की है। इसके तहत ब्रिटेन से सोमवार को दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचे करीब 700 यात्रियों को 10 दिन के क्वारन्टीन में भेजा गया है। भारत सरकार की नई गाइड लाइन के अनुसार नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने यह रविवार रात 12 बजे से इसे लागू कर दिया है।

सोमवार को इसके तहत ब्रिटेन से आने वाले सभी यात्रियों का पहले एयरपोर्ट पर ही आरटीपीसीआर जांच करवाई गई। इसके बाद सभी को 10 दिनों के अनिवार्य क्वारन्टीन में भेज दिया गया। ब्रिटेन से भारत आने वाले लोगों पर नए नियमों के तहत सख्ती शुरू हो गई है। सोमवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंडिंग करने वाले 700 लोगों को 10 दिनों के अनिवार्य क्वारंटीन में भेज दिया गया। इससे पहले इन सभी लोगों का आरटीपीसीआर टेस्ट भी किया गया।



## यूके से तीन फ्लाइट्स आईजीआई एयरपोर्ट पहुंची, टीम ने एक-एक यात्रियों की जांच की

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि सोमवार दोपहर तक यूके से तीन फ्लाइट्स आईजीआई एयरपोर्ट पहुंची हैं। इनमें से 700 यात्री उतरे हैं। इनमें भारतीयों के अलावा बड़ी संख्या में ब्रिटिश नागरिक भी हैं। नए नियमों के मुताबिक ब्रिटेन से आने वाले यात्रियों के लिए भारत आते ही आरटीपीसीआर की निगेटिव रिपोर्ट पेश करना जरूरी होगा। इसके अलावा एयरपोर्ट पर भी एक बार टेस्ट होगा। यही नहीं 10 दिन का क्वारंटीन पीरियड पूरा होने के बाद एक बार फिर से आरटीपीसीआर टेस्ट कराना होगा। अधिकारी ने बताया, 'इस पूरी प्रक्रिया के लिए दिल्ली सरकार की एक टीम को एयरपोर्ट पर लगाया गया है। यह टीम यात्रियों से उनके पते आदि के बारे में जानकारी लेती है कि वे दिल्ली में कहां जा रहे हैं या कहां रुकेंगे।'

## कोरोना वैक्सीन सर्टिफिकेट को अब तक मान्यता नहीं दी

इसके अलावा एक टीम को इसलिए तैनात किया जाएगा कि वह यह सुनिश्चित करे कि क्वारंटीन के नियमों का पालन किया जा रहा है या नहीं। दरअसल ब्रिटिश सरकार ने भारत में जारी होने वाले कोरोना वैक्सीन सर्टिफिकेट को अब तक मान्यता नहीं दी है। इसके चलते भारत में टीका लगवाने के बाद भी ब्रिटेन में अनवैक्सिनेटेड माना जा रहा है। इससे भारत के लोगों को वहां क्वारंटीन आदि नियमों का पालन कर रहा है। भारत ने इसमें छूट की मांग की थी, लेकिन ब्रिटेन की ओर से ऐसा न किए जाने पर करारा जवाब देते हुए भारत सरकार ने भी उसके जैसे ही नियम लागू कर दिए हैं।




*पेंडोरा पेपर : लीक दस्तावेजों से गोपनीय वित्तीय जानकारियों का हुआ खुलासा*

# सचिन की विदेश में थी संपत्ति, 5 नेताओं के भी नाम

संवाददाता / नई दिल्ली

दुनिया भर की 14 कंपनियों से मिलीं लगभग एक करोड़ 20 लाख फाइलों की समीक्षा से विश्व के सैकड़ों नेताओं, अरबपतियों, मशहूर हस्तियों, धार्मिक नेताओं और नशीले पदार्थों के कारोबार में शामिल लोगों के उन निवेशों का खुलासा हुआ है, जिन्हें पिछले 25 साल से हवेलियों, समुद्र तट पर बनीं विशेष संपत्तियों, नौकाओं और अन्य संपत्तियों के माध्यम से छुपाकर रखा गया था। 3 अक्टूबर को जारी संस्था की रिपोर्ट्स में पीएनबी घोटाले के आरोपी नीरव मोदी की बहन पूर्वी मोदी, क्रिकेट लीजेंड सचिन तेंदुलकर, पॉप सिंगर शकीरा और पॉलिटिशियन टोनी ब्लेयर सहित सैकड़ों दिग्गजों के नाम शामिल हैं। 'इंटरनेशनल कंसोर्टियम ऑफ इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिस्ट्स' ने यह रिपोर्ट जारी की, जो 117 देशों के 150 मीडिया संस्थानों के 600 पत्रकारों की मदद से तैयार की गई। इस रिपोर्ट को 'पेंडोरा पेपर्स' (भानुमति के पिटारे से निकले दस्तावेज) करार दिया जा रहा है, क्योंकि इसने प्रभावशाली एवं भ्रष्ट लोगों के छुपाकर रखे गए धन की जानकारी दी और बताया है कि इन लोगों ने किस प्रकार हजारों अरब डॉलर की अवैध संपत्ति को छुपाने के लिए विदेश में खातों का इस्तेमाल किया। इन गुप्त खातों के लाभार्थियों के रूप में पहचाने गए 330 से अधिक वर्तमान और पूर्व नेताओं में जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला द्वितीय, ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर, चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री आंद्रेज बाबिस, केन्या के राष्ट्रपति उहुरू केन्याटा और इक्वाडोर के राष्ट्रपति गुइलेर्मो लासो के अलावा पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दोनों के सहयोगी शामिल हैं। रिपोर्ट में जिन अरबपतियों के नाम सामने आए हैं, उनमें तुर्की के कारोबारी अरमान इलिसाक और सॉफ्टवेयर निर्माता रेनॉल्ड्स एंड रेनॉल्ड्स के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी रॉबर्ट टी. ब्रोकमैन शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकतर खातों का इस्तेमाल कर चोरी करने और पूंजी को छुपाने के लिए किया गया।



## पांच भारतीय राजनेताओं के नाम

पैंडोरा पेपर्स में पांच भारतीय राजनेताओं के नाम आए हैं, लेकिन उनके नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। हालांकि जिन दिग्गजों के नाम जाहिर किए गए हैं, उनमें ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर के अलावा पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सहयोगी शामिल हैं।

## तेंदुलकर के वकील बोले- निवेश वैध

इधर, सचिन तेंदुलकर के वकील ने कहा है कि फॉर्मर क्रिकेटर का निवेश कानूनी रूप से वैध है और उसके बारे में टैक्स अधिकारियों को जानकारी है। शकीरा के वकील ने कहा है कि पॉप सिंगर अपनी कंपनियों से टैक्स एडवांटेज नहीं ले रही हैं और उन्होंने उनसे जुड़ी जरूरी जानकारी सरकार को दी हुई है।

# 'महात्मा गांधी रत्न अवार्ड 2021' का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न

**राष्ट्रीय अखबार दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान को डॉ. भारती लव्हेकर (विधायिका), गजेंद्र चौहान (अभिनेता) व कृष्णा चौहान फाउंडेशन के डायरेक्टर के हाथों 'महात्मा गांधी रत्न अवार्ड 2021' पुरस्कार से सम्मानित किया गया**



**मुंबई।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 2 अक्तूबर को मेयर हॉल, अंधेरी में 'महात्मा गांधी रत्न अवार्ड 2021' का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ जो कि कृष्णा चौहान फाउंडेशन द्वारा प्रस्तुत रहा। इस पुरस्कार समारोह में बतौर मुख्य अतिथि डॉ भारती लव्हेकर (वर्सोवा, अंधेरी की एमएलए), संगीतकार अनु मलिक और अभिनेता गजेंद्र चौहान उपस्थित थे जिन्हें आयोजक कृष्णा चौहान ने इस प्रतिष्ठित अवार्ड से सम्मानित किया। साथ ही दोनों अतिथियों ने महात्मा गांधी रत्न अवार्ड 2021 से जिन हस्तियों को सम्मानित किया गया उनमें राष्ट्रीय अखबार दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान, सुनील बोंडे (एसीपी), अनु मलिक, मधुश्री, डायरेक्टर मेहुल कुमार, प्रेमा किरण, सुनील पाल, एहसान कुरैशी, बी एन तिवारी, सिकन्दर खान, अरुण उग्रेजा, जुबैर अली खान, एक्ट्रेस शबनम खान, मुनीश खान, गीतकार सुधाकर शर्मा, पारस, अरुण बख्शी, दादा साहेब फाल्के के पोते चंद्रशेखर पुसाल्कर, डॉ योगेश लखानी, गणेश पचाने, आदत एमपी डायरेक्टर साउथ सिनेमा, वीआईपी कॉमेडियन, अली खान, एकता जैन, बबलू एक्स पोकल्स, आर राजपाल (पब्लिसिटी डिजाइनर) का नाम उल्लेखनीय है। एंकर सिमरन आहूजा ने इस अवार्ड शो की कुशलतापूर्वक संचालन की। महात्मा गांधी रत्न अवार्ड से सम्मानित होने वालों में हिमांशु झुनझुनवाला, आरजे दिव्या सोलगामा, कैलाश मासूम, अवनिन्द्र आशुतोष, गाजी मोईन, जयेश गोहिल, दलविंदर धीमन, पवन भारद्वाज, नासिर तगाले, देवेंद्र खन्ना, रितेश पाठक, मोहन राजपूत, पुष्कर ओझा, शैलेश पटेल, दिलीप पटेल, नवीन पाण्डेय, राजेश कुरील, भास्कर तिवारी, केवल कुमार, सुंदर मोरे, हिमाधु यादव, रमाकांत मुंडे, दिनेश परेसा, पंडित कमलेश उपाध्याय, मधु मंगल दास (कथा वाचक) का नाम भी उल्लेखनीय है। कार्यक्रम में कृष्णा चौहान फाउंडेशन (रजिस्टर्ड) के फाउंडर डायरेक्टर कृष्णा चौहान ने कहा कि महात्मा गांधी रत्न अवार्ड 2021 गांधी जी को श्रद्धांजलि पेश करने की एक कोशिश है। इस अवार्ड से समाज के ऐसे लोगों को पुरूस्कृत किया गया जिन्होंने आम जनता की भलाई, देश के विकास और समाज के हित के लिए काम किया है। आपको बता दें कि फिल्म डायरेक्टर और लीजेंड दादा साहेब फालके अवार्ड के फाउंडर कृष्णा चौहान ने कुछ महीने पूर्व मेयर हॉल जूहू, मुंबई में 'लीजेंड दादा साहेब फालके अवार्ड 2021' भव्य पैमाने पर आयोजित किया था। उसी दौरान दादा साहेब फालके के पौत्र चंद्रशेखर पुसाल्कर, संगीतकार अनु मलिक, पद्मश्री अनूप जलोटा, गजेंद्र चौहान, मुकेश ऋषि, एक्टर सिद्धार्थ निगम, अरुण बख्शी, अनिल नागरथ, एक्ट्रेस रागिनी द्विवेदी, नीलम पांडे, दीप्ति तिवारी, गीतकार सुधाकर शर्मा, निर्देशक आलोकनाथ दीक्षित, निर्देशक दिनकर कपूर, ब्राइट आउटडोर के सीएमडी डॉ योगेश लखानी को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। कृष्णा चौहान आगामी 26 दिसंबर 2021 को बॉलीवुड लीजेंड अवार्ड का आयोजन करेंगे।

# 15 साल पुराने वाहनों के रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण के चुकाने होंगे 5000 रुपये

**नई दिल्ली।** 15 साल से ज्यादा पुरानी कारों या यात्री वाहनों का मोह आपको जेब पर भारी पड़ने वाला है। केंद्र सरकार ने अप्रैल 2022 से 15 साल पुराने वाहनों के रजिस्ट्रेशन के नवीनीकरण का शुल्क आठ गुना बढ़ाने का फैसला किया है। केंद्र सरकार पुराने व प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को बंद करना चाहती है, इसलिए शुल्क बढ़ाया गया है। सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने सोमवार को अगले साल से नई व्यवस्था लागू करने की अधिसूचना जारी की है। हालांकि, दिल्ली एनसीआर के वाहन मालिकों पर नए नियम का कोई असर नहीं पड़ेगा। यहां 10 साल से ज्यादा पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों पर पहले से ही रोक लगी है। सरकार ने 15 साल से ज्यादा पुरानी कारों या यात्री वाहनों के रजिस्ट्रेशन के नवीनीकरण की फीस आठ गुना तक बढ़ा दी है। व्यावसायिक वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र के नवीनीकरण का शुल्क भी आठ गुना ज्यादा कर दिया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि 15 साल पुरानी कार के रजिस्ट्रेशन के नवीनीकरण पर अप्रैल 2022 से 600 रुपये की बजाए 5000 रुपये लगेंगे। नया नियम सरकार की राष्ट्रीय वाहन कबाड़ नीति का हिस्सा है। अप्रैल से 15 साल से ज्यादा पुरानी बसों या ट्रकों के फिटनेस सर्टिफिकेट का शुल्क आठ गुना ज्यादा लगेगा।

### इन वाहनों पर इतना बढ़ा शुल्क

**पुरानी बाइकः** दोपहिया के पंजीकरण के नवीनीकरण का शुल्क 300 रुपये की बजाए 1000 रुपये होगा।

**आयातित बाइक व कारः** ऐसी बाइक के रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण के लिए 10 हजार रुपये और कारों के लिए 40,000 रुपये लगेंगे।

**बस-ट्रक फिटनेसः** 1500 रुपये की बजाए 12,500 रुपये लगेंगे।

**नवीनीकरण में देरी परः** निजी वाहनों के पंजीयन नवीनीकरण में देरी पर हर माह 300 रुपये दंड लगेगा।

**व्यावसायिक वाहनः** ऐसे वाहनों के रजिस्ट्रेशन के नवीनीकरण में देरी पर 500 रुपये दंड लगेगा।

**फिटनेस सर्टिफिकेट में देरीः** नवीनीकरण में देरी पर 50 रुपये का प्रतिदिन जुर्माना लगेगा।

### स्मार्ट कार्ड लेने पर 200 रुपये अतिरिक्त

अधिसूचना के अनुसार इन नियमों को केंद्रीय मोटर वाहन (23 वां संशोधन) नियम 2021 कहा जाएगा। ये 1 अप्रैल 2022 से लागू माने जाएंगे। यदि रजिस्ट्रेशन कार्ड स्मार्ट कार्ड की तरह होगा तो उसके 200 रुपये अतिरिक्त लिए जाएंगे।

## बुलढाणा हलचल

# बुलढाणा नगर पालिका स्वच्छता अभियान की उड़ा रही है धज्जियां

### एकबाल नगर परिसर में नियमित रूप से नहीं आ रही है कचरा गाड़ी नागरिक परेशान

**संवाददाता/अशफाक युसुफ**

**बुलडाणा।** बुलढाणा नगर परिषद की लापरवाही और कचरा संकलन कांट्रेक्टर की मनमानी का खामियाजा शहर के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। इकबाल नगर व शहर के कई प्रभागों में नियमित रूप से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन गाड़ी नहीं आने से यहां के नागरिक कचरे कि समस्या को लेकर काफी परेशान हो रहे हैं। एक तरफ कोरना संक्रमण को लेकर नगरपालिका स्वच्छ अभियान चला रही है। दूसरी ओर बुलढाणा नगर परिषद स्वच्छता को लेकर अनदेखी कर रही है। शहर के ईकबाल नगर परिसर में नियमित रूप से कचरा गाड़ी ना आने के कारण घरों में ही कचरा स्टॉक पड़ा हुआ है। घर में रखे कचरे की दुर्गंध की वजह से विभिन्न बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। जिसकी वजह से इलाके के शहर वासियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। शहरवासियों ने बुलडाणा नगरपालिका से मांग की है कि इस समस्या पर ध्यान देकर इस समस्या को जल्द हल कराएं।



**कई बार कर चुके शिकायत**

इलाके के नगर वासियों ने कई बार कचरा गाड़ी ना आने की शिकायत नगर परिषद के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी से फोन पर भी बात करके शिकायत की है। लेकिन इसके बावजूद भी समस्या हल नहीं हुई। नागरिकों ने बताया कि नगर परिषद के अधिकारी भी कचरा गाड़ी वालों का नंबर देकर टालमटोल करते रहते हैं।

**रोज आनी चाहिए गाड़ी**

वार्ड मे में रहने नागरिकों ने बताया कि कचरा गाड़ी रोज आनी चाहिए। बारिश के दीन शुरू है अभी त्योहार आने वाला है इसे में घरों की सफाई भी शुरू हो चुकी है जिससे कचरा भी ज्यादा निकल रहा है। कचरे को लेकर काफी नागरिक परेशान है। उनका कहना है कि कांट्रेक्टर की लापरवाही है या नगरपालिका की? ऐसा भी सवाल नागरिकों में उठाया जा रहा है।

**वार्ड नगर सेवक को ध्यान देने की जरूरत**

वार्ड के नागरिकों ने बताया है के हर प्रभात का नगरसेवक जिम्मेदारी होती है। वार्ड में नागरिकों को मूलभूत सुविधा मिल रही है या नहीं? वार्ड में कई दिनों से नियमित रूप से कचरा गाड़ी नहीं आ रही है। इस समस्या से भी नगरसेवक भी अनजान दिखाई दे रहे हैं।

# अनुसूचित जाति कल्याण समिति ने नगर पालिका, राजस्व विभाग का लिया जायजा

**संवाददाता/अशफाक युसुफ**

**बुलडाणा।** महाराष्ट्र विधानमंडल की अनुसूचित जाति कल्याण समिति आज से 6 अक्टूबर तक जिले के दौरे पर है। दौरे के पहले दिन समिति ने 4 अक्टूबर को जिला कलेक्टर कार्यालय के योजना समिति हॉल में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों की समीक्षा की। इस अवसर पर विधानसभा सदस्य एवं समिति अध्यक्ष कु. प्रणितिताई शिंदे, विधानसभा सदस्य एवं समिति सदस्य श्री यशवंत माने, लहू कनाडे, लखन मलिक, सुनील कांबले, नामदेव सासाने, अरुण लाड, राजेश राठौड़ आदि उपस्थित थे। साथ ही विधान सचिवालय में अवर सचिव. श्री. खोंडाले, कलेक्टर एस राममूर्ति, प्रकोष्ठ अधिकारी विनोद राठौड़, साहा. प्रकोष्ठ अधिकारी दत्तात्रेय बंगालवार भी उपस्थित



थे।समिति ने सबसे पहले जिले में गुलाब चक्री तुफान से हुए नुकसान की समीक्षा की। जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी नरेंद्र नाईक ने समिति को जिले में फसल को हुए नुकसान की जानकारी दी। समिति ने प्रभावित नागरिकों को तत्काल 5,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। रेजिडेंट डिप्टी कलेक्टर दिनेश गीते ने ढहे मकानों, मृतकों और मुआवजे की राशि की जानकारी दी। उसके बाद सहायक आयुक्त श्रीमती राठौड़ ने परिचय दिया। समिति ने कलेक्ट्रेट, तहसील कार्यालय में अनुसूचित जाति वर्ग के कर्मचारियों की प्रोन्नति, पदोन्नति, बैकलॉग, रिक्तियां, प्वाइंट लिस्ट आदि की समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने मलकापुर, मेहकर, लोनार, दे.राजा, पाप. राजा, बुलडाना, खामगांव, शेगांव, जलगांव जमोद, चिखली और नंदुरा नगर पालिकाओं और मोटाला, संग्रामपुर नगर पंचायत में अनुसूचित जाति के कर्मचारियों की भर्ती, बैकलॉग और पदोन्नति की समीक्षा की। उन्होंने नगर पालिका एवं नगर पंचायत में दलित वस्ति विकास योजना, अनुसूचित जातियों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की भी समीक्षा की। बैठक में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए।

## राजस्थान हलचल

# उस्ताद हाजी हमीम बक्ष को महात्मा गांधी शांति सद्भावना पुरस्कार से नवाजा गया





**संवाददाता/सैय्यद अलताफ हुसैन**

**जोधपुर।** जोघपुर सायरा आमिर खान की एक पहल के चलते हैल्प फाउंडेशन एव बेटी एक मुस्कान नई सोच संस्थान की ओर से बेटी बचाओ बेटी पढाओ के तहत व मात्र 1 रू मे सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने के उपलक्ष्य मे उस्ताद हाजी हमीम बक्ष को 2021 का महात्मा गांधी शांति सद्भावना पुरस्कार देकर नवाजा गया यह कार्यक्रम महिला पीजी कॉंलेज के एडी बोहरा आडिटोरियम मे आयोजित किया गया कार्यक्रम मे अतिथि के रूप मे जेल अधीक्षक ओम प्रकाश शर्मा, उप महापोर उतर करीम जोनी, सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पाशिचम रविन्द्र बोथरा मोजूद थे इस अवसर पर समिति के अ. अजीज पठान,अशरफ पठान, मो. रईस, उस्ताद मो शोएब नदीम बक्ष आदि उपस्थित थे।

## राजस्थान हलचल

# पूर्व विधायक गुरुशरण छाबड़ा जी की छोटी पुत्रवधू पूनम अंकुर छाबड़ा ने घुमंतु अर्ध घुमंतु समाज के लिए की माँग

**संवाददाता/सैय्यद अलताफ हुसैन**



**जयपुर।** घुमंतु अर्ध घुमंतु समाज के हजारों की संख्या में मेरे भाई-बहन 2 अक्टूबर से सत्याग्रह कर रहे हैं और सरकार अब तक चुप है मैं पूनम अंकुर छाबड़ा सम्पूर्ण शराबबंदी आंदोलन तथा सशक्त लोकायुक्त की राष्ट्रीय अध्यक्ष इन सभी के द्वारा किये जा रहे आंदोलन का समर्थन करती हूँ।साथ ही साथ सरकार से आग्रह करती हूँ कि मेरे सभी भाई-बहनों की आवाज को सुना जाए उनकी माँगों को तुरंत माना जाए क्योंकि यह त्योहारों का समय है 7 अक्टूबर से नवरात्र शुरू होने वाले हैं मैं चाहती हूं कि सरकार इनकी माँगों को माने और जल्द से जल्द उन सभी लोगों को त्यौहार के समय में उन्हें उनकी माँगों स्वरूप खुशियों को भेंट दे ताकि नवरात्रों में सब खुशी के साथ घर लौट सकें। पूनम अंकुर छाबड़ा,राष्ट्रीय अध्यक्ष शराबबंदी आंदोलन एवं सशक्त लोकायुक्त, पूर्व विधायक गुरुशरण छाबड़ा जी की छोटी पुत्रवधू।

# कायनात ह्यूमन डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा जिला मलेरिया कार्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन





**संवाददाता/सैय्यद अलताफ हुसैन**

**भोपाल।** कायनात ह्यूमन डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा कार्यालय जिला मलेरिया अधिकारी जिला भोपाल मैं समस्त स्टाफ का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन संयुक्त संचालक डॉ नीरा चौधरी द्वारा किया गया। इस दौरान माननीय डॉक्टर प्रभाकर तिवारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी माननीय श्री अखिलेश दुबे जी जिला मलेरिया अधिकारी के मार्गदर्शन में कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रकार की बीमारियों का चेकअप उपचार किया गया जिसमें मलेरिया विभाग व फैमिली हेल्थ इंडिया था स्टाफ उपस्थित रहा। जेपी हॉस्पिटल के डॉक्टर डॉ केशव कुमार सेन डॉक्टर आयुषी छत्रसाई ने चेकअप किया संजीवनी क्लीनिक के डॉक्टर जुनेद महमूद अंसारी डॉ अमित चौहान डॉक्टर सुधीर पांडे इनके द्वारा बीपी शुगर मधुमेह फीवर चेकअप एवं दवाई वितरण की गई शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय के डॉक्टरों द्वारा सभी लोगों का चेकअप एवं दवाई वितरण की गई जिस में उपस्थित डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार पटेल डॉ पीयूष डॉक्टर प्रीतिआवासे जुबेरिया खान विनोद सूर्यवंशी के द्वारा चेकअप एवं दवाई वितरण की गई दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर डेनिशिया हॉस्पिटल के डॉक्टरों द्वारा दंत से संबंधित चेकअप किया गया डॉ रितु शर्मा डॉक्टर माही साहू मोहित पटेल द्वारा दांतों का चेकअप किया गया प्रकाश आई हॉस्पिटल के डॉक्टरों द्वारा आंखों से संबंधित चेकअप किया गया डॉक्टर विपिन शुक्ला डॉ मनोज नाहर निकिता उपलाउदिया प्रशांत सिंह उमर खान के द्वारा आंखों से संबंधित चेकअप किया गया कैंप में फैमली हेल्थ इंडिया की टीम भी उपस्थित रही सभी डॉक्टरों को माननीय डॉक्टर प्रभाकर तिवारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी माननीय श्री अखिलेश दुबे जिला मलेरिया अधिकारी डॉक्टर नीरा चौधरी संयुक्त संचालक स्वास्थ्य के द्वारा सभी डॉक्टरों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया कायनात ह्यूमन डेवलपमेंट सोसाइटी के अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी शेख फैयाज को शील्ड एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया सभी लोगों ने संस्था का एवं डॉक्टरों का आभार व्यक्त किया संस्था निरंतर स्वास्थ्य पर कार्य करती आ रही है।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं का 50-50 लाख का बीमा होगा, गरीब कल्याण योजना में लाभ

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार देशभर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को 50-50 लाख रुपये का बीमा लाभ देने जा रही है। योजना के तहत 13 लाख से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और 11 लाख से अधिक सहायिकाओं को बीमा सुविधा मिलेगी। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी। कोरोना काल में आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ता ड्यूटी पर रहते हुए जोखिम भत्ता और बीमा कवर को लेकर मांग कर रही थीं। ये कार्यकर्ता नियुक्तियों को नियमित करने की मांग को लेकर भी देशव्यापी हड़ताल कर रहीं थीं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उत्तर प्रदेश समेत देश के कई राज्यों में वेतन बढ़ाने की भी मांग कर रही हैं। वे अपने सामान्य काम और कोरोना ड्यूटी के अलावा कोरोना टीकाकरण अभियान में भी सक्रिया योगदान दे रही हैं।

# ये हैं केसर के बेमिसाल फायदे, आप भी करें ट्राई



केसर में विटामिन ए, फोलिक एसिड, तांबा, पोटेशियम, कैल्शियम, मैंगनीज, लोहा, सेलेनियम, जिंक, मैग्नीशियम और अन्य कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसके अलावा लाइकोपिन, अल्फा कैटरिन, बीटा कैरोटिन के गुण भी इसमें मौजूद होते हैं जो शरीर को बहुत सी बीमारियों से बचाते हैं। केसर स्वास्थ को ठीक रखने के साथ ही सुंदरता को भी बढ़ाता है। केसर का उपयोग कई तरह के पकवाने में रंग और खुशबू को बढ़ाने के लिए किया जाता है। इसकी तासीर गर्म होती है इसलिए इसका सेवन सर्दी के मौसम में करना बेहतर है। आज हम आपको केसर के कुछ ऐसे फायदों के बारे में बताएंगे जिनके बारे में आप शायद ही जानते होंगे। तो चलिए जानते है केसर के अन्य फायदे ।

**1. बुखार को दूर करना**
केसर बुखार, सर्दी, जुकाम को दूर करने में सहायक है। एक गिलास दूध में चुटकी भर केसर और शहद मिलाकर पीएं। इसके अलावा आप केसर में पानी डालकर उसका पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट को गर्दन, छाती पर लगाने से सर्दियों में होने वाली बीमारियों से राहत मिलती है।

**2. सिर दर्द करें ठीक**
केसर के साथ चंदन को मिलाकर माथे पर लगाने से आखें, दिमाग को ऊर्जा पहुंचाती है। इस पेस्ट के इस्तेमाल से सिर दर्द से राहत मिलती है।

**3. चेहरे की खूबसूरती बढ़ाएं**
केसर में चंदन और दूध मिलाकर फेस पैक तैयार करें। पैक को 20 मिनट के लगाने के बाद गुनगुने पानी से धो लें। हफ्ते में 1-2 बार लगाने से चेहरे की रंग में फर्क दिखाई देन लगेगा।

**4. उम्र बढ़ने से रोकना**
इसमें एंटी- ऑक्सीडेंट पाया जाता है जो व्यक्ति की उम्र नहीं बढ़ने देता। कच्चे पपीते में चुटकी भर केसर मिलाकर लगाने से चेहरे को साफ, रोग मुक्त, सुंदर, मुलायम बनाए रखता है।

**5. डिप्रैशन से राहत**
जिन व्यक्तियों को डिप्रैशन की परेशानी है उनके लिए केसर बहुत मददगार है। केसर में ऐसे सेरोटिनन और कैमिकल होते हैं जो हमें कभी उदास नहीं होने देते। रोजाना केसर वाला दूध पीने से रंग साफ होने के साथ ही डिप्रेशन की समस्या भी खत्म होती है।

**6. आंखों की रोशनी तेज**
आजकल आंखों की रोशनी कम होने की समस्या बच्चों से लेकर बूढ़ों तक हर कोई परेशान है। इस समस्या से राहत पाने के लिए रोजाना केसर का सेवन करें।

**7. मासिक धर्म का दर्द से छुटकारा**
कुछ महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान दर्द, चिड़चिड़ापन, थकावट, सूजन, ऐंठन जैसी समस्याएं होती है। हर दिन केसर वाला दूध या चाय पीने से फायदा मिलता है।

**8. अस्थमा से बचाव**
सर्दियों के दिनो में अस्थमा की समस्या बहुत बढ़ जाती है। कुछ दिनों तक हर दिन 3-4 बार केसर वाली चाय पीने से अस्थमा की

# शादी से पहले मेकअप ट्रायएल लेते समय इन बातों पर रखें खास ध्यान



सभी लड़कियां अपनी शादी के दिन सबसे खूबसूरत दिखना चाहती हैं। इसलिए वह अपने लिए सबसे बैस्ट लहंगा चुनती है और एक बार उसका ट्रायएल जरूर लेती है, ताकि शादी के दिन उसे किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। दुल्हन का सिर्फ लहंगा ही नहीं मेकअप भी अच्छा होना चाहिए, तभी परफैक्ट ब्राइड लगती है लेकिन शादी से पहले एक बार मेकअप ट्रायएल लेना भी जरूरी है। अगर आप सोच रही है ऐसा क्यों तो आज हम आपको बताएंगे कि क्यों शादी से पहले मेकअप ट्रायएल लेना ही बेहतर है।

शादी से पहले मेकअप ट्रायएल लेने से काफी फायदे होते है। एक तो आपको पता चल जाता है कि आपकी स्किन पर कौन से प्रॉडक्ट सूट करेंगे और दूसरा आपको इस बात का पता भी चल जाता है कि आपको उन प्रॉडक्ट्स के साथ कोई साइड-इफैक्ट तो नहीं होगा।

मेकप आर्टिस्ट के पास कई ऐसे प्रॉडक्ट्स हो सकते है, जिससे स्किन को एलर्जी हो सकती है, वहीं आपको शादी के दिन होने वाली हेयरस्टाइल के बारे में भी पता चल जाता है, जो आपके ब्राइड लुक को परफैक्ट बनाता है। इसलिए बेहतर है क अगर आपकी शादी होने जा रही है तो पहले ही एक बार मेकअप ट्रायएल ले लें, ताकि शादी के दिन किसी तरह की कोई परेशानी न खड़ी हो जाए।

मेकअप से पहले रखें इन बातों का ख्याल

- मेकअप, हमेशा क्लीन चेहरे पर करवाएं, तभी मेकअप आर्टिस्ट आपकी स्किन टोन और टेक्सचर को समझकर सही मेकअप कर पाएगा।
- अपनी वैडिंग आउटफिट् के हमेशा साथ लेकर जाए, ताकि मेकअप आर्टिस्ट लहंगे के कलर के अनुसार मेकअप कर सकें।
- अगर आपकी स्किन पर कोई प्रॉडक्ट्स सूट नहीं करता और आपको उससे एलर्जी होने का खतरा है तो मेकअप आर्टिस्ट को पहले ही बता दें।
- मेकअप ट्रायएल में अपने हेयरस्टाइल जरूर देखें, ताकि आप शादी के दिन उसमें परफैक्ट दुल्हन दिख सकें।

# ऊनी कपड़ों से है एलर्जी तो करें ये काम



सर्दियों के मौसम में सर्द हवाओं से बचने के लिए गर्म ऊनी कपड़े पहनते हैं। ऊनी गर्म कपड़े सर्दी से तो बचाते ही हैं इसके साथ ही यह इस मौसम में स्टाइल स्टेटमेंट का भी खास हिस्सा माने जाते हैं। आप शॉल,जैकेट्स,स्वैटर,पोंचू आदि पहन कर भी फैशनेबल दिख सकते हैं लेकिन कई बार गर्म कपड़ों के फैब्रिक से एलर्जी कुछ लोगों को स्किन एलर्जी की परेशानी भी हो जाती है। ऐसी खासकर पश्मीना फैब्रिक से बने कपड़ों से यह समस्या ज्यादा होती है। इससे स्किन पर लालगी,खुजली या रैशेज हो सकते हैं। आप भी इससे परेशान हैं तो जानें किस तरह से करें इससे अपना बचाव।

**ऊन से एलर्जी की पहचान**
एलर्जी दो तरह की हो सकती है एक जिनकी स्किन सेंसिटिव होती है उन्हें और दूसरी जिनकी त्वचा शुष्क होती है। आप इससे अपना बचाव कर सकते हैं।
शरीर पर खारिश होना
लाल दाने होना
जलन होना आदि

ऐसे करें बचाव

**1. गुनगुने पानी से नहाएं**
ज्यादा गर्म पानी से नहा कर भी त्वचा में रूखापन आ जाता है। नहाने से पहले त्वचा पर ग्लिसरीन और गुलाब जल लगा कर गुनगुने पानी से नहाएं।

**2. जैतून तेल से मसाज**
त्वचा पर रूखापन न होने दें और क्रीम की जगह पर ऑलिव ऑयल से स्किन की पहचान करें।

**3. कॉटन के इनरवियर पहनें**
सर्दी से बचने के लिए ऊनी कपड़े पहनने बहुत जरूरी है लेकिन इससे पहले कॉटन के इनरवियर पहनें। इससे ऊन स्किन पर टच नहीं करेगी। एलर्जी से भी बचाव रहेगा।

**4. एलर्जी को पहचाने**
पहले यह पहचानना बहुत जरूरी है कि आपको किस वुलेन फैब्रिक से एलर्जी है। वह फैब्रिक पहनने से परहेज करें। ज्यादातर लोगों के पशमीना पहनने से संक्रमण होता है।

**5. धूप लगाएं**
कपड़े बहुत समय से बंद करके रखे हैं तो इनको धूप जरूर लगवाएं। इससे एलर्जी होने का डर कम रहता है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

